राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/337/2022 दिनांकः—05मई, 2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः—स्नातक एवं परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर का पठन—पाठन प्रारम्भ किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही है कि नई शिक्षा नीति—2020 के अनुसार स्नातक एवं परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थियों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 29 अप्रैल, 2022 को सम्पन्न हो चुकी है। स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2021—22 की परीक्षा का मूल्यांकन डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा कराकर परीक्षाफल राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को उपलब्ध कराया जायेगा तथा अंकतालिका राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा निर्गत की जायेगी।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र को नियमित करने के उद्देश्य से उक्त पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर का पठन—पाठन दिनांक 02 मई, 2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 30 जुलाई, 2022 तक पूर्ण कर लिया जाये। दिनांक 21 जून, 2022 से 30 जून, 2022 तक अवकाश रहेगा। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा अगस्त, 2022 के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. मा0 कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. मा0 कुलपति, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. परीक्षा नियंत्रक, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति— 2020, प्रो0 अरूण कुमार गुप्ता, प्राचार्य, श्री वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ़
5. सहा0 कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
6. प्रभारी बेवसाइट।
7. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner